C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:03 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:48 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 213 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 17 फरवरी 2025



वो इतनी बड़ी अभिनेत्री बनेंगी कभी...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### मेडिकल, इंजीनियरिंग और क्लैट की मुफ्त कोचिंग देने की तैयारी

**देहरादून।** प्रदेश सरकार सरकारी और अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मेडिकल, इंजीनियरिंग और क्लैट की मुफ्त कोचिंग देने की तैयारी में है। इसके लिए देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों के साथ एमओयू की प्रक्रिया जारी है। उच्च शिक्षा विभाग की निदेशक डा. अंजू अग्रवाल ने बताया कि प्रस्ताव तैयार हो चुका है और नए शिक्षा सत्र से यह सुविधा शुरू हो जाएगी।
राजीव गांधी नवोदय विद्यालय बनेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सरकारी और अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों को वरीयता के आधार पर राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में ऑफलाइन कोचिंग दी जाएगी। इन विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी, जिसके आधार पर छात्रों का चयन किया जाएगा।

### बजट सत्र की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



**देहरादून।** राजधानी में 18 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र की तैयारियों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जिलाधिकारी देहरादून को यह सुनिश्चित करने को कहा कि बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों को यातायात संबंधी कोई असुविधा न हो। इस बार का बजट सत्र ऐतिहासिक होगा, क्योंकि यह पहली बार पूरी तरह पेपरलेस होगा। विधानसभा सचिवालय ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सत्र की शुरुआत सुबह 11 बजे राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। माना जा रहा है कि प्रदेश सरकार 19 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश कर सकती है।

## बर्फबारी के बाद ठंड, आज भी पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश के आसार

देहरादून
हमारे संवाददाता



सर्द हवाएं चलने से पहाड़ से लेकर मैदान तक सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ाई जबकि दोपहर बाद बदले मौसम से रात का पारा भी गिर गया। उधर मौसम वैज्ञानिकों ने आज (सोमवार) भी प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

लंबे इंतजार के बाद बीते शनिवार को हुई बारिश-बर्फबारी का असर दूसरे दिन भी दिखा। सर्द हवाएं चलने से पहाड़ से लेकर मैदान तक सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ाई जबकि दोपहर बाद बदले मौसम से रात का पारा भी गिर गया। उधर मौसम वैज्ञानिकों ने आज (सोमवार) भी प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। बारिश-बर्फबारी के बाद रविवार सुबह मौसम तो खुला लेकिन सर्द हवाओं ने ठंड बनाए रखी। दोपहर के बाद अचानक मौसम में आए बदलाव से ठंड एक बार फिर लौट आई। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 20 फरवरी को एक बार फिर प्रदेश में मौसम बदलने के आसार हैं। हालांकि इससे पहले मौसम शुष्क रहेगा। रविवार के आंकड़ों पर नजर डाले तो दून में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री इजाफे के साथ 25.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कमी के साथ 8.6 डिग्री रहा। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों में भी रहा। भले ही प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी में देरी हुई हो लेकिन बीते शनिवार को हुई बर्फबारी उत्तराखंड के ग्लेशियरों को रिचार्ज कर गई। प्रो. विश्वंभर प्रसाद सती ने कहा, 15 फरवरी को उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में अच्छी बर्फबारी हुई है। इसका सीधा लाभ हमारे ग्लेशियर को मिलेगा। नदियों का जलस्तर भी बना रहेगा। जिससे आने वाले दिनों में पेयजल जैसी समस्या से भी राहत मिलेगी। कहा, बर्फबारी कम और तापमान बढ़ने से हिमालय में ग्लेशियर के साथ गंगा-यमुना के साथ सहायक नदियों पर भी संकट खड़ा हो गया है। इससे पेयजल समस्या होने के साथ ही फसलों को भी भारी नुकसान होगा। लेकिन हाल में हुई बर्फबारी से बहुत राहत मिलेगी।

नई दिल्ली में भगदड़ के बाद लिया बड़ा फैसला

## रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री बंद

नई दिल्ली
एजेंसी



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के बाद प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री बंद कर दी है। भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक अगले एक सप्ताह के लिए प्लेटफार्म टिकट की बिक्री बंद करने का निर्णय लिया गया है। दो दिन पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ की वजह से मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। जिसके बाद अब नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे स्टेशन परिसर में सुरक्षा बलों की कंपनी तैनात कर दी गई है। मेट्रो की सुरक्षा में लगी सीआईएसएफ की एक कंपनी को भी रेलवे की सुरक्षा में लगाया है। जानकारी के लिए बता दें कि स्टेशन पर हादसे के बाद पूरे परिसर में सुरक्षा बलों की कंपनी तैनात है। मेट्रो की सुरक्षा में लगी सीईएसएफ की एक कंपनी को भी तैनात किया गया। दिल्ली पुलिस की ट्रांसपोर्ट रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय सिंह ने खुद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जाकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल ली है।। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा बीते रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। सीपी ने करीब पौने घंटे मौके का मुआयना किया था।

संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय सिंह ने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की सुरक्षा में अर्द्धसैनिक बलों की आठ कंपनियां तैनात की गई है। 80 जवानों की मेट्रो पुलिस की एक कंपनी तैनात की गई है। इसके अलावा तीन इंस्पेक्टर व एक एसीपी मेट्रो से तैनात किए गए हैं। रेलवे पुलिस व जीआरपी के अलग से जवान तैनात किए गए हैं। साथ ही रेलवे पुलिस के आठ से 10 थानाध्यक्षों को तैनात किया गया है। दिल्ली पुलिस के आसपास के थानाध्यक्षों को भी तैनात किया गया है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि हर प्लेटफार्म, फुटओवर ब्रिज व बाहर एक-एक कंपनी तैनात की गई है। कंपनी में 80 से 85 जवान होते हैं। साथ ही रेलवे स्टेशन के बाहर व सड़क पर भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। वाहनों को रेलवे स्टेशन के पास नहीं जाने दिया जा रहा है। रेलवे पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कुंभ जाने के लिए प्लेटफार्म 12, 13 और 14 नंबर से ट्रेनें जा रही हैं। ऐसे में इन प्लेटफार्म पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

## नए मीडिया सेंटर के स्थान को लेकर पत्रकारों में भारी आक्रोश

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी में प्रस्तावित नए मीडिया सेंटर के स्थान को लेकर पत्रकारों में भारी आक्रोश है। सूचना विभाग द्वारा इसे हल्द्वानी ब्लॉक कार्यालय के समीप बनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसका पत्रकारों ने कड़ा विरोध किया है। पत्रकारों का कहना है कि वर्तमान मीडिया सेंटर नैनीताल रोड पर स्थित है, जहां से सभी प्रमुख सरकारी कार्यालय जैसे—कुमाऊँ आयुक्त कार्यालय, जिलाधिकारी कैंप कार्यालय, डीआईजी एवं एसएसपी कार्यालय, नगर निगम, तहसील, रजिस्ट्रार कार्यालय, जल संस्थान, और कुमाऊँ मंडल विकास निगम कुछ ही किलोमीटर की परिधि में हैं। इससे प्रशासनिक अधिकारियों से संवाद और समाचार संकलन में उन्हें सहूलियत मिलती है। पत्रकारों का कहना है कि नया मीडिया सेंटर यदि ब्लॉक कार्यालय के समीप बनाया जाता है, जो शहर से 12-14 किमी दूर है, तो इससे पत्रकारिता कार्य प्रभावित होगा। कई पत्रकारों के पास अपने निजी कार्यालय नहीं हैं, और वे मीडिया सेंटर से ही अपने संस्थानों को खबरें भेजते हैं। ऐसे में सेंटर की दूरी बढ़ने से उन्हें भारी असुविधा होगी। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी से पत्रकारों ने मांग की है कि मीडिया सेंटर को नैनीताल रोड पर ही पूर्व में चिन्हित भूमि पर बनाया जाए। यदि उस भूमि का क्षेत्रफल कम है, तो उसका विस्तार किया जाए, ताकि पत्रकारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप कर मीडिया सेंटर को शहर के भीतर ही बनाए जाने की अपील की है। पत्रकारों का कहना है कि यदि उनकी मांगों को अनसुना किया गया, तो वे मजबूरन विरोध प्रदर्शन करने पर विवश होंगे। अब देखना होगा कि सूचना विभाग इस मुद्दे पर क्या निर्णय लेता है।



## फिर हुआ हादसा: महाकुंभ में स्नान कर लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत

आजमगढ़
एजेंसी

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर रानी की सराय थाने की पुलिस भी पहुंच गई। आसपास के लोगों की सहायता से घायलों को अस्पताल भेज दिया गया। यहां तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया।

आजमगढ़ के रानी की सराय थाना क्षेत्र के आजमगढ़-वाराणसी राजमार्ग पर महाकुंभ से वापस आ रहे नेपाल देश के श्रद्धालुओं की एक कार सोमवार की सुबह डिवाइडर में टकरा गई। हादसे में पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, यह सभी नेपाल देश के रूपम देही जिले के देवदार नगर पालिका के निवासी थे। बीते 15 फरवरी को नेपाल से पांच कार में सवार होकर 35 लोग एक साथ प्रयागराज में स्नान करने गए थे। स्नान करके सोमवार को लौट रहे थे। लौटते समय जब नींद लगने लगी तो इन लोगों ने एक जगह रुक कर चाय पी और इसके बाद आगे के सफर पर निकले।


अभी कुछ दूर ही पहुंचे थे कि यह हादसा हो गया। मृतकों में दीपा (35), दीपा के पति गणेश (45) और गंगा (40) शामिल हैं। वहीं, घायलों में ड्राइवर ऋतिक दुबे (21), कोपिला देवकला देवी (35), अविशंकर (25), शुभम पोखराल (22) व अन्य शामिल हैं।

## दिल्ली में भूकंप के साथ सुनाई दी तेज गड़गड़ाहट की आवाज

नई दिल्ली
एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में सोमवार सुबह 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि सोमवार को सुबह पांच बजकर 36 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके इतने तेज थे कि डरे सहमे लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए।

सोमवार की सुबह राजधानी दिल्ली में आए भूकंप से दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई इलाके कांप गए। इस भूकंप में किसी नुकसान की अभी तक खबर नहीं हैं, लेकिन कई लोगों का कहना है कि झटके इतनी तेज थे कि यह उनके जीवन के सबसे भयानक अनुभवों में से एक बन गया। भूकंप के दौरान जमीन के भीतर तेज गड़गड़ाहट की




आवाज भी सुनी गई, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि अब विशेषज्ञों ने बताया है कि किस वजह से यह आवाज सुनाई दी। दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में सोमवार सुबह 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि सोमवार को सुबह पांच बजकर 36 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके इतने तेज थे कि डरे सहमे लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। कई लोग गहरी नींद से जाग गए। भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौला कुआं इलाके में दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास था। इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, दिल्ली और आस-पास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने की अपील की जाती है। इसके साथ ही संभावित झटकों के प्रति भी सतर्क रहने की जरूरत है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

### तेज गड़गड़ाहट की आवाज की ये रही वजह

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (स्त्रस) के अनुसार, भूकंप के दौरान, जमीन कंपन करती है, जिससे छोटी अवधि की भूकंपीय तरंग गति पैदा होती है जो हवा तक पहुंचती है और ये ध्वनि तरंग बन जाती है। ये ध्वनि तरंग वायुमंडल में कंपन पैदा कर सकती हैं। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप का केंद्र जितना उथला या कम गहराई में होगा, उतनी ही ज्यादा ऊर्जा सतह तक पहुंच सकती है। उच्च आवृत्ति वाली भूकंपीय तरंगे जमीन से होकर गुजरती हैं, इसकी वजह से ही भूकंप के दौरान गड़गड़ाहट की आवाज सुनाई देती है।

# यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पहुंचे कैंची धाम

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने रविवार को कैंची धाम स्थित बाबा नीब करौली महाराज के दर्शन के लिए पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा नीब करौली महाराज और मौनी माई के दर्शन किए । इस दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मंदिर परिसर में बैठकर बाबा का ध्यान और पाठ किया।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक अपने तय कार्यक्रम के अनुसार सडक़ मार्ग से नैनीताल जिले के भवाली के समीप कैंची धाम में बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए पहुंचे। बाबा के दर्शन करने के बाद बृजेश पाठक वापस लखनऊ लौट गए। बातचीत करते हुए बृजेश पाठक ने दिल्ली में हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि केंद्र सरकार मामले को गंभीरता से देख रही है। डिप्टी सीएम पाठक ने कहा महाकुंभ में प्रयागराज आने वाले भक्तों के लिए सरकार ने पूरी व्यवस्था की है। प्रयागराज में आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इस बार कुंभ में रिकॉर्ड भक्तों ने गंगा स्नान किया है आने वाले समय में भक्तों के आंकड़ा कहीं ज्यादा बढ़ सकता है। विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम पहुंचे बृजेश पाठक ने बाबा नीब करोली महाराज से उन्होंने उत्तर प्रदेश और देश के लोगों के सुख शांति की कामना की है।

इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के कैंची धाम पहुंचने पर मंदिर प्रबंधन के लोगों ने उनका स्वागत किया साथ ही मंदिर के बारे में उन्हें विस्तार पूर्वक बाबा नीम करोली महाराज के व्यक्तित्व और उनके जीवन के बारे में बताया।

रविवार को कैंची धाम बाबा नीब करौली महाराज के दर्शन के लिए पहुंचे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को गरमपानी क्षेत्र के भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की साथ ही उनका स्वागत कर बाबा की प्रतिमा भेंट की। इस दौरान नीरज बिष्ट, पंकज निगलटिया, गोधन बर्गली,महेंद्र सिंह तथा बबलू समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### मशहूर गायक सुखविंदर पहुंचे मल्लीताल



**नैनीताल।** नैनीताल में बॉलीवुड के मशहूर गायक सुखविंदर सिंह नैनीताल पहुंचे हैं। भारी संख्या में उनके प्रशंसक मल्लीताल में उनके साथ सेल्फी लेने पहुंचे। शनिवार को बॉलीवुड के मशहूर गायक सुखविंदर सिंह नैनीताल पहुंचे। शाम को वह अपनी कार से मल्लीताल में बोटिंग करने उतरे तो उनके प्रशंसकों की मौके पर भीड़ लग गई। इस दौरान प्रशंसकों ने उनके साथ सेल्फी ली। जिसके बाद वह घूमते हुए नौकायन करने चले गए। उन्होंने कहा कि नैनीताल उनकी पसंदीदा जगहों में से एक है। यहां का मौसम सदाबहार है जो उनको खूब भाता है। उन्होंने नैनीझल मैं नौका विहार का भी आनंद उठया।

### शोध छात्रा पूजा को वैज्ञानिक बी पृथ्वी विज्ञान के पद पर चयन



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर के भूगर्भ विभाग के शोध छात्रा पूजा चंद का लोक सेवा आयोग न्यू दिल्ली से जल शक्ति मंत्रालय ,जल संसाधन ,नदी विकास ,गंगा संरक्षण विभाग के तहत केंद्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधान केंद्र पुणे में वैज्ञानिक बी पृथ्वी विज्ञान के पद पर चयन हुआ है। बता दें की पूजा चंद डीएसबी के भूगर्भ विभाग के प्रो.राजीव उपाध्याय के निर्देशन में पीएचडी कर रही है । मेधावी पूजा चंद ने बीएससी तथा एम एससी कुमाऊं विश्वविधालय से किया तथा उनके ससुर बिशन बिष्ट परिसर निदेशक भीमताल में कार्यरत है एवं सास राधा बिष्ट कुमाऊं विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में कार्यरत है। पूजा के पति डीएसबी के पूर्व छात्र हरीश बिष्ट वर्तमान मे भू वैज्ञानिक उत्तराखंड सरकार में कार्यरत है। इस दौरान कूटा अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी ,डॉ.विजय कुमार ,प्रो.नीलू लोधीयाल ,डॉ. दीपक कुमार ,डॉ.संतोष कुमार ,डॉ.पैनी जोशी, डॉ.दीपिका पंत ,डॉ.अनिल बिष्ट ,डॉ. उमंग, डॉ. रितेश साह ,डॉ. युगल जोशी, डॉ. शिवांगी,डॉ. दीपाक्षी जोशी ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद स्वतंत्र शाखा के चुनाव



**हल्द्वानी।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद स्वतंत्र शाखा हल्द्वानी के द्विवार्षिक अधिवेशन में निर्विरोध रूप से जिला अध्यक्ष पद पर पंकज सनवाल, जिला मंत्री संजय जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो अफरोज, महिला उपाध्यक्ष लीला आर्या ,और कोषाध्यक्ष पद पर दिनेश दुर्गापाल, निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी के रूप में शशि वर्धन अधिकारी जगदीश सिंह विष्ट,डिकर सिंह पडियार रहे।
चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में बृजेश कांडपाल प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे। समस्त चुनाव की प्रक्रिया आई टी आई निकट सुशीला तिवारी में सम्पन्न हुआ।

### दवा फैक्टरी को बचाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन जारी

**मौलेखाल।** मोहान सल्ट स्थित दवा फैक्टरी आईएमपीसीएल का निजीकरण का विरोध जारी है। रविवार का 128वें दिन भी कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही निजीकरण प्रक्रिया बंद करने की मांग की। ऐसा नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी। रविवार को बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में दोहराया कि जब तक फैक्टरी निजीकरण की प्रक्रिया को नहीं रोका जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष जयपाल सिंह रावत ने केंद्र सरकार सहित पक्ष और विपक्ष के सभी नेताओं से मुनाफे में चल रही फैक्टरी को निजीकरण से बचाने में सहयोग की अपील की। प्रदर्शन के दौरान दीवान सिंह, भवन सिंह, भास्कर नंदन पंत, गमाल सिंह, भाग्यश्री घाले, कमलेश कुमारी समेत अन्य कर्मचारी शामिल रहे।




# बजट सत्र की तैयारियों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने की बैठक

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

इस बार पहली बार देहरादून में पेपरलेस बजट सत्र होगा। इसके विधानसभा सचिवालय की तैयारी पूरी है। सत्र सुबह 11 बजे शुरू होगा।
राजधानी देहरादून में 18 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र की तैयारी को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने आज विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जिलाधिकारी देहरादून को निर्देश दिए की बोर्ड परीक्षा देने वाले स्कूली बच्चों को आने-जाने में किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए पहले से ही तैयारी करें। इस बार पहली बार देहरादून में पेपरलेस बजट सत्र होगा। इसके विधानसभा सचिवालय की तैयारी पूरी है। सत्र सुबह 11 बजे शुरू होगा। पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इससे माना जा रहा है कि प्रदेश सरकार 19 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश कर सकती है।

# फाइनल में झबरा बॉइज हल्द्वानी की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

जीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को जिले के भीमताल ब्लाक के गेठिया गांव के खेल मैदान में खेला गया। प्रतियोगिता में झबरा बॉइज हल्द्वानी की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अतिथियों क्रमशः वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हेम चंद्र आर्या और नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल कुमार शर्मा ने विजेता व उप विजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में मैन आफ द मैच का पुरुस्कार अमन जबकि मैन आफ द सीरिज का पुरुस्कार सौरभ राणा को दिया गया। इससे पूर्व अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ की घोषणा की। प्रतियोगिता में 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला झबरा बॉइज हल्द्वानी और बेलुवाखान इलेवन के बीच खेला गया,इस दौरान झबरा बॉइज हल्द्वानी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 174 रन बनाए, जिसके बाद बेलुवाखान इलेवन सभी विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी। अंपायर की भूमिका मुकुल कुमार ने निभाई ज बकि मैच का आंखों देखा हाल महेश चंद ने सुनाया। इस मौके पर विजेता टीम को 25 हजार का इनाम व ट्राफी वही उपविजेता टीम को 12 हजार का ईनाम व ट्राफी दी गयी। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलामंत्री हरीश भट्ट समेत आदित्य,अमन, अमित तथा मनीष व गौरव आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

# फड़ कारोबारियों की पालिका कर्मियों के साथ हुई तकरार

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

वर्षभर चर्चा में रहने वाला नैनीताल का मल्लीताल स्थित पंत पार्क एक बार फिर से रविवार को चर्चा में रहा। चर्चा की वजह रही पार्क में लगे अवैध फड़ खोखे। इन अवैध फड़ खोखों को हटाने के लिए फड़ कारोबारियों की पालिका कर्मियों के साथ तकरार हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस दौरान कई फड़ खोखा चलाने वाली महिलाओं ने पालिका के कर्मियों के साथ गाली गलौच तक कर दी।

बता दें कि नगर पालिका परिषद प्रशासन की ओर से पूर्व में किए गए सत्यापन के बाद 44 फ ड़ कारोबारियों को पालिका प्रशासन द्वारा जगह चिन्हित कर तय समय और तय सीमा के अनुसार फ ड़ लगने की अनुमति दी थी,इसके बावजूद भी पंत पार्क क्षेत्र में अवैध रूप से फ ड़ लगने वाले लोगों की संख्या में हर रोज इजाफ ा होते जा रहा है। रविवार को भी दोपहर में पंत पार्क से अवैध फ ड़ हटाने गई पालिका की टीम पर फ ड़ व्यवसायियों ने अभद्रता कर दी। इस बीच जब पालिका के कर्मचारियों ने उन्हें काफी समझाने की कोशिश की इस दौरान कई महिलाएं उग्र हो गई।

मामले में पंत पार्क के फ ड़ कारोबारियों का कहना है कि उनकी आजीविका इन्हीं फड़ खोखों से ही चलती है ऐसे में पालिका प्रशासन उन्हें रोजाना यहां से हटा देता है जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है और कुछ कम भी वह नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी ओर मामले में पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि अवैध फ ड हटाने गई पालिका की टीम के साथ फ ड़ व्यवसायियों ने अभद्रता कर दी जिस पर उन्होंने दो लोगो पर एफआईआर दर्ज करने की बात कही है।

# प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन किया

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल में रविवार को कक्षा 6, 7,8 और 9 के छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। परीक्षा में 14 राज्यों और तीन देशों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 600 से अधिक छात्रों ने इस परीक्षा के लिए नामांकन कराया था।



परीक्षा के सफल संचालन में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 सूर्य प्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने परीक्षा की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन और पुलिस यातायात विभाग के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उनके मार्गदर्शन और समन्वय से परीक्षा स्थल पर सुव्यवस्थित और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हुआ। अभिभावकों को लिए एक कार्यक्रम के आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक कामेश्वर प्रसाद काला ने की। प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने इस कार्यक्रम में अपने प्रेरणादायी उद्बोधन के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय की विशेषताओं, अनुशासन तथा शैक्षणिक गुणवत्ता और समग्र विकास की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय के शैक्षिक दृष्टिकोण और मूल्यों के बारे में चर्चा करते हुए यह बताया कि कैसे यह संस्थान छात्रों को राष्टीय और अंतरराष्टीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करता है ?इसके साथ ही अभिभावकों को विद्यालय परिसर का भ्रमण भी करवाया गयाए जिससे वे विद्यालय की आधुनिक सुविधाओं तथा अनुशासन और शैक्षिक माहौल से प्रत्यक्ष रूप से परिचित हो सके। यह कदम अभिभावकों के बीच विद्यालय के प्रति विश्वास और सकारात्मकता को और भी सुदृढ करने वाला साबित हुआ। अंत में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य उमेश कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए सभी अभिभावकों का धन्यवाद किया। दूसरी ओर कालेज के प्रधानाचार्य डा.सूर्य प्रकाश के मुताबिक प्रवेश परीक्षा का परिणाम 18 फ रवरी (मंगलवार) को घोषित किया जाएगा। चयनित छात्रों को आगे की प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार और मेडिकल परीक्षण के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## जंगल की रक्षा

***अदालत ने यह भी कहा कि जब तक केन्द्र और राज्यों द्वारा प्रतिपूरक भूमि उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तब तक जंगल की रक्षा की जाये। दरअसल वर्ष 2023 में वन कानून में संशोधन करके वन की परिभाषा को बदला गया और करीब दो लाख वर्ग किलोमीटर भूमि को वन के दायरे से बाहर कर अन्य उद्देश्यों के लिए उपलब्ध कराया गया। शीर्ष अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि वन भूमि पर चिड़ियाघर खोलने या सफारी शुरू करने के किसी भी प्रस्ताव को कोर्ट की मंजूरी आवश्यक होगी। सुप्रीम कोर्ट का आदेश उत्तराखंड के संदर्भ में महत्वपूर्ण है।***

वन भूमि का क्षेत्र घटता जा रहा है। जंगल की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र और राज्य सरकारों को ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाने का आदेश दिया है, जिससे वन भूमि कम हो। वन संरक्षण कानून 2023 में किये गये संशोधन को शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई है। अदालत ने यह भी कहा कि जब तक केन्द्र और राज्यों द्वारा प्रतिपूरक भूमि उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तब तक जंगल की रक्षा की जाये। दरअसल वर्ष 2023 में वन कानून में संशोधन करके वन की परिभाषा को बदला गया और करीब दो लाख वर्ग किलोमीटर भूमि को वन के दायरे से बाहर कर अन्य उद्देश्यों के लिए उपलब्ध कराया गया। शीर्ष अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि वन भूमि पर चिड़ियाघर खोलने या सफारी शुरू करने के किसी भी प्रस्ताव को कोर्ट की मंजूरी आवश्यक होगी। सुप्रीम कोर्ट का आदेश उत्तराखंड के संदर्भ में महत्वपूर्ण है। उत्तराखंड की सरकारें कई वर्षों से ग्रीन बोनस की मांग कर रही हैं। दलील दी जाती है कि उत्तराखंड में हरियाली से भरा अधिकांश वन क्षेत्र है और पर्यावरण संरक्षण में राज्य का योगदान है, लेकिन वन क्षेत्र में सड़क निर्माण तथा अन्य विकास कार्य वर्जित होने से राज्य को हानि उठानी पड़ रही है। विकास कार्य बाधित होने तथा पर्यावरण संरक्षण की एवज में राज्य को केन्द्र सरकार से ग्रीन बोनस मिलना चाहिए। राज्य सरकार की दलील पूरी तरह सही नहीं है। उत्तराखंड में वन भूमि अधिक जरूर है, परन्तु जंगल माफिया पेड़ काटकर वन क्षेत्र में अतिक्रमण कर रहे हैं। वन क्षेत्र में अतिक्रमण की गतिविधियों के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। वन क्षेत्र में पेड़ काटकर होटल, रिसॉर्ट्स, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और आवासीय कालोनियां विकसित की जा रही हैं। शीर्ष अदालत ने वन क्षेत्र की भूमि का किसी अन्य कार्य के लिए इस्तेमाल करने से पहले प्रतिपूरक भूमि उपलब्ध कराने का आदेश देकर विकल्प सुझाया है। यदि सड़क का निर्माण आवश्यक है तो जितने पेड़ काटे जायें, उतने ही पौधे किसी अन्य जगह रोपित किये जायें। सड़क चौड़ीकरण और हाईवे निर्माण के लिए पूरे देश में असंख्य पेड़ काटे जा रहे हैं, परन्तु उस अनुपात में पौधरोपण नहीं हो रहा है। पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण दिखावा तथा फैशन साबित हो रहा है। पौधरोपण के दूसरे दिन से ही उसके पोषण की अनदेखी की जाती है। इसी लिए लाखों किलोमीटर वन क्षेत्र सिमट गया है।

# विधायक को मंत्री बनाने के एवज में मांगे 3 करोड़

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



**मुकदमा**

- **पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा दर्ज, पुलिस जुटी जांच में**
- **झूठे मामले में झांसा देकर मंत्री पद का प्रलोभन**

विधायक के पास काल करने वाले ने मंत्री बनाने की एवज में 3 करोड़ रुपए की मांग का मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने विधायक के सहयोगी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक

विधायक रूद्रपुर शिव अरोरा के सहयोगी अभिषेक मिश्रा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि विधायक के मोबाईल 9412088879 पर 13 फरवरी, 2025 की दिन समय 15.22 पर एक नम्बर 9871933657 से कॉल आई मैं उस समय विधायकके साथ में एक कार्यक्रम में काशीपुर जा रहा था कि इस व्यक्ति ने विधायक को अपना परिचय केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुत्र श्री जय शाह के रूप में देते हुए लगभग 14 मिनट 22 सेकेण्ड बात करते हुए राजनैतिक विषयों पर चर्चा की तथा कहा कि वह अभी अडानी जी के बेटे की शादी में से लन्दन से वापस आ रहा है जेसे ही उक्त व्यक्ति ने स्वयं को जयशाह बताया तो विधायक को शक हो गया कि यह कोई फ्रॉड व्यक्ति है जो श्री जय शाह के नाम पर फोन कर रहा है। चूंकि विधायक के फोन पर रिकोर्डिंग नहीं होती है अतः उनके ईशारा करने पर उक्त फोन कॉल को लाउड स्पीकर में डाल कर रिकार्ड करने के लिये बताया जिसे मैने अपने फोन पर करीब 12 मिनट 51 सेकेण्ड तक रिकार्ड किया जिसकी रिकार्डिग कापी मैं आपको पैनड्राईव कापी में दे रहा हूं।

उक्त कथित जय शाह नामक व्यक्ति दिल्ली के राजनीति पर बात करने लगा व पापा को मीटिंग पर व्यस्त बताया तथा उत्तराखण्ड सरकार में महत्वपूर्ण पद देने की बात करने लगा तथा नाम लेकर कहने लगा कि उत्तराखण्ड सरकार के तीन मंत्री बदलने है तथा आपका नाम मंत्री के लिये आया है तथा अन्य विधायको को भी मंत्री पद हेतु बता रहा था।

उन्होंने वार्ता में यह भी कहा कि पापा अमित शाह 14.02.2025 को हल्द्वानी राष्ट्रीय खेलों के समापन पर आ रहे है। उसके पश्चात् वे दिल्ली आयेंगे। तब तक आप दिल्ली आ जाइये। इस बीच उसने अपने आप को जय शाह बताते हुए कहा कि मेरी नड्डा अंकल से भी आपके विषय में बात हो गई है । उन्होंने पार्टी फण्ड में आपसे सहयोग 3 करोड की अपेक्षा की है, जिसकी व्यवस्था आपको दिल्ली में करनी है, तथा परसों हम फाईनल कर रहे है। विधायक ने अमित शाह एंव नड्डा से बात करवाने के लिये कहा तो कहने लगा वो इस समय बहुत व्यस्त है मैं आपकी बात बाद में करा दूंगा तथा अंकल के बेटे से बात कराने की बात कराने लगा। विधायक ने स्वंय को प्रोग्राम में होने पर रात में बात करने हेतु उक्त व्यक्ति को बताया तो उसके बाद उसी नम्बर से सांय 19.07 बजे मिस्डकाल आयी तथा रात को 21.23 बजे पुनः उसी नंबर से काल आने पर विधायक द्वारा स्वंय को प्रोग्राम में व्यस्त बताया उक्त व्यक्ति ने उसी नम्बर से क्रमश रात्रि में 22.46 मिनट पर, 22.47 बजे, 22.59 पर मिस्डकाल आयी परन्तु विधायक ने काल नहीं उठाया। विधायक को विश्वास हो गया था कि यह कोई फ्रॉड व्यक्ति है जो श्री जय शाह के नाम पर काल करके मंत्री बनाने के नाम पर पैसे कि डिमाण्ड कर रहा है। विधायक को पूर्ण विश्वास है कि उपरोक्त नम्बर कोई फ्रॉड व्यक्ति या गैंग केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुत्र जय शाह जी के नाम से प्रयोग करते हुए माननीय विधायक महोदय को झूठे मामले में झांसा देकर मंत्री पद का प्रलोभन देकर पैसे ठगना चाहता है तथा विधायक को बदनाम करना चाहते है जो कि बहुत ही गलत है और ये कही भारतीय जनता पार्टी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री को बदनाम करने की मंशा की साजिश हो सकती है।

## एमबीआर ऑनरेरी डॉक्टरेट अवार्ड का आयोजन

**नैनीताल।** मैजिक एंड आर्ट्स यूनिवर्सिटी फरीदाबाद (हरियाणा) द्वारा एमबीआर ऑनरेरी डॉक्टरेट अवार्ड का आयोजन किया गया। इस अवार्ड सेरेमनी की अध्यक्षता प्रोग्राम प्रेसिडेंट डॉ. एम.पी. सिंह (अंतरराष्ट्रीय रजिस्टर ट्रेनर जिला रेडक्रॉस सोसायटी फ रीदाबाद गवर्नमेंट ऑफ हरियाणा) जबकि मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह सोरोट (जिला रेडक्रॉस सिक्योरिटी हरियाणा सरकार )तथा विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तम सैनी (डीटीओ हरियाणा सरकार), डॉ. एस के रोहिल्ला (एक्स डारेक्टर मेवाड़ यूनिवर्सिटी) तथा डॉ. सी. पी. यादव (चेयरमैन ऑफ मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फ रीदाबाद हरियाणा) की मौजूदगी में भारत के 18 अलग-अलग राज्यों से 56 लोगों अपने-अपने राज्यों में शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

# विधायकों की पेंशन में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



युवा कांग्रेस नैनीताल के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी के नेतृत्व में रविवार को नैनीताल के मल्लीताल स्थित पंत पार्क में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार की ओर से उत्तराखंड में पूर्व विधायकों की पेंशन में वृद्धि के विरोध में सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और बीजेपी सरकार का नारेबाजी के बीच पुतला फूंका।


पुतला दहन से पूर्व यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि एक तरफ जहां बजट के अभाव में उत्तराखंड में जनहित के मुद्दे ज्यों के त्यों रखे हुए हैं वही भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों में बजट खर्च न करके विधायकों की पेंशन तथा अन्य खर्च बढ़ाई जा रही है। राज्य आंदोलनकारी और सरकारी कर्मचारियों की पेंशन ना बढ़कर, युवाओं को रोजगार न देकर तथा महंगाई कम ना करके सरकार विधायकों की पेंशन बढ़ाने का काम कर रही है जिससे पूरे प्रदेश में भाजपा के खिलाफ रोष है। कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस नैनीताल सरकार के इस निर्णय का पुरजोर विरोध करती है।

इस दौरान नगर उपाध्यक्ष कांग्रेस प्रेम कुमार शर्मा, आईवाईसी जिला उपाध्यक्ष ललित सिंह बोरा, त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, शार्दुल नेगी, बंटू आर्या, ललित चन्याल, आयुष आर्या, प्रियांशु बिष्ट, कुणाल लोहनी, जुनैद, ललित बिष्ट, पवन जाटव, विकास कुमार तथा नितिन साह समेत अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## वो इतनी बड़ी अभिनेत्री बनेंगी कभी नहीं सोचा था: करण





*करण जौहर ने आलिया भट्ट के करियर और काम को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि वे नहीं जानते थे कि आलिया इतनी बड़ी और सफल अभिनेत्री बनेंगी। बॉलीवुड फिल्म निर्माता करण जौहर ने आलिया भट्ट को अपनी फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करवाया। करण जौहर ने अब एक इंटरव्यू में आलिया भट्ट और अपनी फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा से जानते थे कि आलिया भट्ट स्टार बनने वाली हैं, लेकिन इतनी सफल अभिनेत्री बनने वाली हैं, नहीं पता था। यूट्यूब चैनल गेम चेंजर्स को दिए इंटरव्यू में करण जौहर ने कहा कि वरुण और सिद्धार्थ मेरे असिस्टेंट रह चुके थे माय नेम इज खान में। आलिया को मैं पहली बार लॉन्च करने जा रहा था। मैं उनसे पहली बार मेरे ऑफिस में मिला था, जब वे स्कूल से आई थीं। जब इन तीनों को मैंने लॉन्च किया तो अपनी टीम से साफ कह दिया था कि इन तीनों के साथ आप बड़े स्टार्स की तरह ही ट्रीट करें। हमनें कभी उन्हें नए सितारों की तरह ट्रीट किया ही नहीं। हमने हमेशा उन्हें मेगा स्टार की तरह रखा, ताकि वे भी उसी तरह से काम कर सकें।*

### अपनी निर्देशित फिल्मों पर की बात

*करण जौहर ने कहा, हमेशा लगा की आलिया स्टार बनेंगी, लेकिन इस किस्म की अभिनेत्री बनेंगी, यह मैं नहीं सोच पाया। करण जौहर ने कहा कि हमेशा कहता हूं कि उनका इमोशनल लॉन्च स्टूडेंट ऑफ द ईयर था और प्रोफेशनल लॉन्च हाइवे थी। उस फिल्म ने आलिया के लिए एक्टिंग के सारे दरवाजे खोल दिए। करण जौहर ने अपने करियर की गेम चेंजिग फिल्म को लेकर बात की है। करण जौहर ने कहा, जब मैं माय नेम इज खान फिल्म पर काम कर रहा था। मुझे लगता था कि ये फिल्म मेरे दायरे के बाहर है। 12 सालों बाद मुझे लगा कि मुझे सच में काम आता है, मैं निर्देशक हूं।*

# एसटीएच के डॉक्टरों ने नवजात को दी नई जिंदगी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के बाल रोग विभाग व एसएनसीयू की चिकित्सकीय टीम की मेहनत ने नवजात बच्चे को नयी जिंदगी दी है। डाक्टरों की मेहनत से बच्चा स्वस्थ है और उसका वजन भी बढ़ गया है, जिसे आज दिनांक 16 फरवरी रविवार को डिस्चार्ज कर दिया गया। परिजनों ने चिकित्सकों का आभार जताया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रो0 डा0 रितु रखोलिया विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग ने बताया कि विगत वर्ष 3 नवम्बर को एक नवजात शिशु 14 दिन को गंभीर अवस्था सांस लेने में दिक्कत व कम वजन के चलते डा0 सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के एस0एन0सी0यू0 में भर्ती कराया गया, जिसका वजन 730 ग्राम था। बच्चे को काफी दिनों तक वेंटीलेटर में रखना पड़ा। उपचार के दौरान बच्चे में खून की कमी, पीलिया व आंखों में दिक्कत दिखाई दी, जिसके लिए बच्चे को खून चढ़ाया गया व पीलिया कम करने के लिए मशीन में रखा गया। इस दौरान कोई संक्रमण न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा गया।

प्राचार्य ने बताया कि चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार मुहैया कराया जा रहा है। बाल रोग विभाग में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नए पी.आई.सी.यू. का संचालन शुरू हो गया है व भविष्य में एस0एन0सी0यू0 के विस्तार करने की योजना है। प्राचार्य डा0 जोशी ने आशा जताई कि चिकित्सक इसी तरह मरीजों की सेवा में जुटे रहेगे।

# धूमधाम से मनाया बाल संसार सैनिक स्कूल के वार्षिकोत्सव

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट स्थित बाल संसार सैनिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रशासक ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन हो सकता है और विद्यालय ही इस परिवर्तन को अंजाम दे सकते हैं। उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक माहौल की प्रशंसा की।

अपने संबोधन में विशिष्ट अतिथि प्रशासक ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे ने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति और लक्ष्य के प्रति समर्पण छात्र छात्राओं सहित शिक्षकों के लिए भी जरूरी है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि मंजिल की राह कभी आसान नहीं होती और उसके लिए संघर्ष करना ही पड़ता है और आने वाली पीढ़ियां समाज को नई दिशा देगी। इससे पूर्व स्कूल प्रबंधन की ओर से अतिथियों का स्वागत किया। बाद में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारम्भ किया गया। समारोह की शुरुआत में सरस्वती वन्दना हुई उसके बाद बारी-बारी से बच्चों ने कुमाऊंनी नृत्य तथा लघु नाटिका आदि की सुन्दर प्रस्तुति दी गयी। प्रधानाचार्य संध्या आर्य ने कहा कि बीते 22 वर्षों के संघर्ष के बाद वर्तमान में विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अनूठी पहचान बनायी है, कहा कि इस कार्य में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के साथ ही उनके अभिभावकों का अहम योगदान रहा है। स्कूल के प्रवन्धक सविता आर्य ने सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त करते विद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। इस मौके पर निर्वतमान प्रधान जानकी आर्या समेत अंकित आर्या, जीवन दत्त, रामदत्त चनियाल, मनोज चनियाल, कमल कुलयाल, पवन कुमार, मनीष कुमार, मुकुल कुमार, आनंदी आर्य, टीका सिंह, धन सिंह, रेनू आर्य, अंजू, ललिता, मोनिका, करिश्मा चौहान, कुसुम बोरा, गंगा, हेमा विष्ट तथा सरिता टम्टा आदि सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे। संचालन अंकित आर्य ने किया।




## News कॉर्नर

### नशे में सवारियों की जान खतरे में डालने वाले दो चालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**हल्द्वानी।** शराब के नशे में वाहन चला कर सवारियों की जान खतरे में डालने वाले दो चालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के दिशा-निर्देशों पर चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। पुलिस के अनुसार 16 फरवरी को चौकी प्रभारी मंडी प्रेम विश्वकर्मा ने तीन पानी बाईपास पर वाहन चेकिंग के दौरान उत्तराखंड परिवहन निगम यूके07पीए-5111 के चालक चंदन को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए गिरफ्तार किया। चंदन ने सवारियों की जान जोखिम में डाली थी, जिससे उसे धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया गया। यह कार्रवाई नशे में वाहन चलाने के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए की गई। जबकि दूसरे मामले में भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग के दौरान बोलेरो टैक्सी संख्या यूके02टीए-2313 के चालक कैलाश राम को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए गिरफ्तार किया। कैलाश हल्द्वानी से बागेश्वर सवारियों को लेकर जा रहा था। उसे गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे कभी भी नशे की हालत में वाहन न चलाएं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# लगभग 25 लाख कीमत की हेरोइन समेत अंतराज्यीय नशा तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कुमाऊं एसटीएफ और पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त टीम ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय नशा तस्कर को 200 ग्राम हेरोईन के साथ गिरफ्तार किया है।

बरामद हेराईन की कीमत 25 लाख रूपये आंकी जा रही है। नशा विरोधी अभियान के तहत सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम ने पुलभट्टा थाने की टीम को साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बरा क्षेत्र से तस्कर तसब्बर हुसैन पुत्र अकबर हुसैन निवासी ग्राम सैजना थाना किच्छा करीब 200ग्राम हेरोईन के साथ गिरफ्तार किया।

निरीक्षक एमपी सिंह के मुताबिक इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल गोविंद बिष्ट की विशेष भूमिका रही। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह हेरोईन सैजना निवासी मोहम्मद हसन और वह बरेली से लाये हैं जिसे बेचने के लिए सितारगंज जा रहे थे। मोहम्मद हसन फरार हो गया। मौहम्मद हुसैन और वह यहाँ आसपास के क्षेत्रों में काफी वर्षों से स्मैक/हैरोइन की सप्लाई कर रहे हैं। वह पेशे से दर्जी है और घर पर ही सिलाई का काम करता है। पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स तस्करों के नाम की जानकारी हुई है जिन पर अलग से कार्यवाही की जायेगी। पूर्व में थाना किच्छा में अभियुक्त के खिलाफ लड़ाई-झगड़ा मारपीट, आर्मस एक्ट व गोकशी के मुकदमें दर्ज हैं। अभियुक्त का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। पुलिस टीम में एसटीएफ के एसआई केजी मठपाल, एएसआई प्रकाश भगत, जगपाल सिंह, रविन्द्र बिष्ट, किशोर कुमार, संजय कुमार, कांस्टेबल गुरवंत सिंह, थाना पुलभट्टा से एएसआई प्रकाश चंद्र, कांस्टेबल राजेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार आदि शामिल रहे।



# फरार 10 हजार इनामी सुनार यूपी के लोनी से गिरफ्तार, जेल भेजा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**

- आरोपी को पकड़ने में पुलिस के छूट गये थे पसीने, कई राज्यों में नाम बदल कर रह चुका है

लंबे समय से फरार 10 हजार रुपए इनामी सुनार को पुलिस ने यूपी के लोनी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, 7 अगस्त 2024 को कौशल्या इंकलव निवासी राम प्रताप बर्मा पुत्र रामसरन बर्मा ने पुलिस को तहरीर दी थी कि प्रीतविहार निवासी प्रेम शंकर सैनी पुत्र कुंवर सेन की मछली बाजार रोड ट्रांजिट कैंप में सुनार की दुकान है। उन्होंने 30 जुनाई 2024 को प्रेम ने उनसे 217.7 ग्राम सोना अपने ग्राहक को दिखाने के नाम पर मांगा था। इसी तरह प्रियंका ज्वेलर्स स्वामी सुशांत से भी कुछ सोना लिया था। इसके बाद वह सोना लेकर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी के पकड़ में नहीं आने पर पुलिस ने न्यायालय से वारंट लिया। वहीं एसएसपी ने आरोपी के खिलाफ 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया। पुलिस को बीते 13 फरवरी को सूचना मिली कि आरोपी प्रेम थान कड़ी जिला महसाणा गुजरात में है। इसके बाद पुलिस की गुजरात पहुंच गई, लेकिन आरोपी को इसकी भनक लगते हुए वह फकरपुर यूपी फरार हो गया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को मिलक इच्छाराम थाना सिविल लाईन जिला रामपुर यूपी से गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चार सोने की अंगूठी, 3 पेंडल तथा 1 चैन बरामद की है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पांडे, एसआई विकास रावत, एएसआई चंद्र पंकाश बवाडी, कमल किशोर शामिल रहे। इधर एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि पुलिस ने फरार सुनार को गिरफ्तार किया है।

# उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन जिला कार्यकारिणी बैठक आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन जिला कार्यकारिणी के बैठक निगम सभागार में जिलाध्यक्ष बीएल साह की अध्यक्षता व महासचिव एसके नैयर के संचालन में आयोजित हुई। बैठक में कई प्रस्ताव पारित कर उत्तराखंड शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। जिनमें राजकीय एवं निजी चिकित्सालय में ओपीडी एवं भर्ती की स्थिति में कैशलेस सुविधा उपलब्ध करने, राजकीय पेंशनर्स एवं परिवारिक पेंशन से गोल्डन कार्ड की मासिक कटौती कार्यरत कर्मचारियों की तुलना में 50 प्रतिशत करने, 18 माह फ्रीज डीए ऐरियर भुगतान करने, 80 वर्ष उम्र 20 प्रतिशत पेन्शन बढ़ोत्तरी की व्यवस्था के बजाय 65 वर्ष पर 5 प्रतिशत ,70वर्ष पर 10 प्रतिशत, 75 वर्ष पर 15 प्रतिशत 80 वर्ष पर 20 प्रतिशत की व्यवस्था करने, राशि करण की कटौती अन्य प्रदेश की भांति 15 से घटाकर 10 वर्ष 8 माह करने, जनपद मे राजकीय व नीजी चिकित्सालय पर निगरानी व गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने को जिला अधिकारी/मुख्यचिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करने, उत्तर प्रदेश के शासनादेश की भांति 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक वेतनवृद्धि देने आदि के प्रस्ताव शामिल हैं। बैठक में सीएस रावत, सीबी घिडियाल, राजबहादुर शर्मा, वैभव बिष्ट, केवीएस यादव, वीके शर्मा, केएस रावत, हरीश साह, पंकज कांडपाल, जगदीश पाटनी, पीडी जोशी, पनवेश गुप्ता ,घनश्याम कांडपाल, सत्य प्रकाश यादव, लीलांबर जोशी, सुरेन्द्र सिंह ,माला सिह, मोहम्मद सगीर, बीसी जोशी, प्रभाकर तिवारी, विनोद जोशी, हेम जोशी राज गहलोत, बीएस चौहान, कुशल पाल सिंह पूरन सिंह जीना, राज कुमार त्यागी आदि मौजूद थे।



### पुत्री की गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र से वार्ड नंबर 24 निवासी गोपा पत्नी कालीचरण ने अपनी 14 वर्षीय पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना बनभूलपुरा में दर्ज करवाई है। महिला ने बताया कि उनकी पुत्री 16 फरवरी को दोपहर 3 बजे घर से झाड़ू बर्तन के काम पर जाने के लिए निकली थी, लेकिन वह अब तक वापस घर नहीं आई। परिजनों ने किशोरी की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया इतना ही नहीं महिला की पुत्री का फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है परिजनों को उसकी चिंता सताने लगी मामले में पुलिस ने गुमशुद की दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# दुकान पर सामान लेने गई किशोरी को ले गया युवक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**लव जिहाद**

- घटना सीसीटीवी में कैद, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

जनपद मुख्यालय पर लव जिहाद का मामला प्रकाश में आया है। दुकान पर सामान लेने गई किशोरी को युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप है। किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की पुलिस को तहरीर दी है।

पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि उसकी पुत्री एक बालिका इंटर कालेज में कक्षा 9 में पढ़ती है और वह स्कूल नहीं गई। वह काम पर गया। घर पत्नी अकेली थी। पुत्री अपनी मां से किराने की दुकान से मैगी मसाला लेने जाने की बात कह कर गई। काफी देर तक पुत्री बापस घर नही पहुंची तो पुत्री की तलाश की गई। इस बीच पता चला कि पुत्री को उवैश अंसारी बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया है। जिसकी वीडियों मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। उन्होंने पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से पुत्री की सकुशल बरामद करने व युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। तहरीर में आरोपी युवक का मोबाइल नंबर भी दर्ज है। एसपी सिटी डा उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आरोपी की तलाश की जा रही है। उन्होंने आरोपी को जल्द ही पकड़ने का दावा किया।

# नियमितीकरण को 226 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर चलाया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन रविवार को 226 वें दिन भी जारी रहा ।

इससे पूर्व रविवार को प्रातः गढ़वाल मंडल विकास निगम के द्रोण होटल परिसर में प्रबंधक प्रेम सिंह कंडारी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने पौधारोपण किया गया। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने पौधे के साथ ज्ञापन कार्यक्रम के तहत सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पौधा देकर मांग पत्र दिया, जिसमें दोनों निगमों में लंबे समय से संविदा दैनिक वेतन, समान कार्य का समान वेतन तथा कर्मचारियों के नियमितिकरण नियमावली जिसकी कट ऑफ डेट 2024 रखी जाए की मांग रखी गई, साथ ही मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उनके द्वारा 3 जुलाई से लेकर अब तक अपनी मांगों को शासन तक पहुंचाने के लिए राज्य में एक अनूठा पौधा रोपण आंदोलन चलाया जा रहा है जिसमें अब तक 40000 पौधों का रोपण किया जा चुका है।

गुरुरानी के मुताबिक इस संबंध में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि शीघ्र ही शासन स्तर पर उच्च स्तरीय वार्ता के माध्यम से प्रकरण का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन चंदोला, उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, पीतांबर दुमका तथा गौतम कुमार समेत वेद प्रकाश भट्ट, अरविंद नेगी तथा नरेंद्र थापा व नवल उपस्थित रहे। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि महासंघ द्वारा कुमाऊं गढ़वाल के 13 जनपदों की कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। कार्यकारिणी के गठन के साथ ही पौधारोपण आंदोलन भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार (आज) को सूखाताल (नैनीताल) स्थित महासंघ के संघ भवन में संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊँ मंडल विकास निगम की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिसमें कुमाऊं मंडल के 6 जनपदों के पदाधिकारी और महासंघ के सदस्य भाग लेंगे। कार्यकारिणी के गठन के बाद कर्मचारियों की निगम स्तर की समस्याओं को लेकर महासंघ द्वारा निगम के प्रबंध निदेशक से वार्ता की जाएगी। महासंघ के गठन के लिए महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, उपाध्यक्ष गौतम कुमार तथा पीतांबर दुमका द्वारा कर्मचारियों से संपर्क किया जा रहा है ताकि अधिवेशन को भव्य बनाया जा सके।